an>

Title: Need to set up a Mini Food Park in Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency, Haryana -laid.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):मेरा संसदीय क्षेत्र किसान बहुल क्षेत्र है । इस क्षेत्र में हरी सब्जियां (जैसे टमाटर, आलू, प्याज) व फल आदि बहुत अधिक मात्रा में होते हैं । रेल व राष्ट्रीय राजमार्ग की भी अच्छी कनेक्टिविटी है । लोजेस्टिक हब, कोल्ड स्टोरेज, आई.एम.टी. खुडाना आदि भी है । दिल्ली एन.सी.आर. का हिस्सा है व राजस्थान बोर्डर के साथ साथ लगता है । अगर एक मिनी फूड पार्क संसदीय क्षेत्र में बन जाए तो किसानों को सब्जियों व फलों के अच्छे दाम व बहुत ज्यादा मात्रा में रोजगार मिल जाएगा । इसका फायदा न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी – महेन्द्रगढ़ को होगा बल्कि राजस्थान – दिल्ली व मुंबई व देश के अन्य शहरों तक होगा क्योंकि संसदीय क्षेत्र के नांगल चौधरी में दिल्ली – मुंबई कॉरीडोर व लोजोस्टिक हब बनाया जा रहा है । इसलिए मेरा निवेदन है कि एक मेगा फूड पार्क का निर्माण भिवानी – महेन्द्रगढ़ में भी कराया जाए ।